# शुभ फलदायक गणपति देवा | By Sunil Sarvottam

आज बड़ा ही शुभ दिन भक्तों
गाओ मंगल गान जी
मंगलकर्ता गणपति देवा
सफल करेंगे काम जी
सब देवो से पहले इनका
होता है गुणगान जी
मंगलकर्ता गणपति देवा
सफल करेंगे काम जी

शुभ फलदायक सुखकर्ता हैं
सिद्धि विनायक गौरी लाला
विघ्न विनाशक दु:खहर्ता हैं
गणपति देवा शिव के लाला
जय जय गणपति देव गजानन
बोलो सुबह शाम जी
मंगलकर्ता गणपति देवा
सफल करेंगे काम जी

निर्धन को देते हैं माया
कोढ़ी को दे निर्मल काया
बाँझो की भरते हैं झोली
जो भी सच्चे मन से आया
विघ्न विनाशक विघ्न हरेंगे
बारम्बार प्रणाम जी
मंगलकर्ता गणपति देवा
सफल करेंगे काम जी

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%81%e0%a4%ad-%e0%a4%ab%e0%a4%b2%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a4%95-%e0%a4%97%e0%a4%a3%e0%a4%aa%e0%a4%a4%e0%a4%bf-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b5%e0%a4%be-by-sunil-sarvottam/